# आपकी सेंट्रिक्स क्रेडिट फाइल - इसका क्या अर्थ है?

आपने क्रेडिट रिपोर्टिंग गोपनीयता संहिता 2020 (“**संहिता**”) के तहत अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए सेंट्रिक्स (“हम”, “हमें”, “हमारे”) से अपनी क्रेडिट फाइल की एक प्रति का अनुरोध किया है। आपकी सेंट्रिक्स क्रेडिट फाइल में वह क्रेडिट जानकारी है जो हम आपके बारे में रखते हैं। यह जानकारी पत्र आपको आपकी सेंट्रिक्स क्रेडिट फाइल को समझने में सहायता के लिए प्रदान किया जा रहा है।

## A. मेरी सेंट्रिक्स क्रेडिट फाइल कौन देख सकता है?

हम आपकी क्रेडिट फाइल हमारे ग्राहकों (जो हमारी क्रेडिट रिपोर्टिंग सेवाओं का उपयोग करने वाले व्यवसाय हैं) को प्रदान कर सकते हैं। इसमें क्रेडिट प्रदाता, संभावित मकानमालिक और नियोक्ता, जिनको आपने सहमति दी हो, और कर्ज वसूली करने वाले शामिल हैं। सामान्य तौर पर, क्रेडिट प्रदाता ऐसे व्यवसाय होते हैं जो धन उधार देते हैं (जैसे कि बैंक या वित्तीय कंपनियां) या ऐसे व्यवसाय जो भुगतान से पहले माल और सेवाएं प्रदान करते हैं (जैसे कि टेलीफोन/गैस/बिजली वाली कंपनियां)। प्रत्येक ग्राहक को सारी जानकारी नहीं उपलब्ध कराई जाती है, जैसा कि नीचे स्पष्ट किया गया है। संहिता में यह विस्तार से निर्धारित कियाा गया है कि आपकी क्रेडिट फाइल कौन देख सकता है, और इसे www.privacy.org.nz पर पाया जा सकता है।

## B. आपकी सेंट्रिक्स क्रेडिट फाइल में मौजूद जानकारी

आपकी क्रेडिट फाइल के हर अनुभाग का एक वर्णन नीचे दिया गया है। हमने आपकी क्रेडिट फाइल के समान शीर्षकों का उपयोग किया है।

### सारांश जानकारी

इसमें हमारे पास मौजूद जानकारी का उच्चस्तरीय सारांश होता है।

### स्कोर

आपका क्रेडिट स्कोर आपकी पूरी क्रेडिट रिपोर्ट का एक संख्या के रूप में वर्णन होता है, जो एक व्यक्ति के रूप में आपकी क्रेडिट योग्यता दर्शाता है। क्रेडिट स्कोर में कई चीज़ों पर विचार किया जाता है जिनमें आपके क्रेडिट इतिहास की अवधि (आपने कितने समय तक क्रेडिट खाते चलाए हैं), भुगतान इतिहास प्रदर्शन (आपने अपने बकाया भुगतान कितनी अच्छी तरह निपटाए हैं), क्रेडिट के प्रकार (जैसे कि सुरक्षित या असुरक्षित), बकाया धनराशि और यदि किसी डिफॉल्ट या न्यायिक निर्णय की रिपोर्ट की गई हो तो वो भी शामिल किया जाता है।

यह सुनिश्चित करते हुए आपके क्रेडिट स्कोर में सुधार हो सकता है कि आप अपने सभी बिलों के समय पर भुगतान करें और कोई बकाया क्रेडिट डिफॉल्ट हो तो उसका निपटान कर दें। नए खाते खोलना, और नई क्रेडिट सुविधाओं के लिए आवेदन करने से भी आपके क्रेडिट स्कोर पर असर पड़ सकता है क्योंकि इससे क्रेडिट जोखिम बढ़ सकता है।

सेंट्रिक्स क्रेडिट ब्यूरो स्कोर की सीमा 1 (बहुत अधिक जोखिम के लिए) से लेकर 1,000 (बहुत कम जोखिम के लिए) तक है, और यह स्कोर 5 बैंड में बांटा जाता है। अगले पेज पर तालिका में बताया गया है कि प्रत्येक बैंड में कितने प्रतिशत क्रेडिट उपभोक्ता आते हैं और किस तरह से अधिकांश क्रेडिट प्रदाता, प्रत्येक बैंड में उपभोक्ताओं का प्रबंधन करते हैं।

| **स्कोर की सीमा** | **पारंपरिक जोखिम बैंड का नाम** | **स्कोर की गई जनसंख्या का प्रतिशत %** | **इसका क्या अर्थ है** |
|---|---|---|---|
| > 892 | उत्कृष्ट | 20 | आपको सर्वोत्तम क्रेडिट कार्ड्स, लोन और उपयोगिता सेवाओं के लिए पात्र होना चाहिए (लेकिन इसकी गारंटी नहीं है) |
| 825 - 892 | बहुत अच्छा | 20 | आपको अधिकांश क्रेडिट कार्ड्स, लोन और उपयोगिता सेवाओं के लिए पात्र होना चाहिए। |
| 706 -824 | औसत | 30 | आपको सामान्य क्रेडिट कार्ड्स, लोन और उपयोगिता सेवाओं के लिए पात्र होना चाहिए। |
| 496 - 705 | ठीक | 20 | आप क्रेडिट कार्ड्स, लोन और उपयोगिता सेवाओं को प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन इनके लिए अतिरिक्त शर्तें हो सकती हैं। |
| 1 - 495 | खराब | 10 | आपके लिए अधिकांश क्रेडिट कार्ड्स, लोन और उपयोगिता सेवाओं के लिए अस्वीकृत कर दिए जाने की संभावना है। |
| 0 | कोई स्कोर नहीं बनाया जाना | | आपकी रिपोर्ट का क्रेडिट स्कोर नहीं बनाया जाएगा, यदि निम्नलिखित में से कोई कारण मौजूद है:<br>हमारे पास आपका क्रेडिट इतिहास रिकार्ड नहीं है।<br>आपकी "कठिनाईयों की स्थिति" रिकार्ड की गई है।<br>आप इस समय दिवालिया हैं या ऋण पुनर्भुगतान आदेश के अधीन हैं।<br>आपका मृतक होना सूचित किया गया है।<br>आपकी आयु 18 वर्ष से कम है। |

### उपभोक्ता जानकारी

इस अनुभाग में आपके नाम, कोई अन्य नाम, ज्ञात पतों और जन्मतिथि के बारे में जानकारी होती है, जो हमारे पास है।

### ड्राइवर लाइसेंस या पासपोर्ट का सत्यापन

यदि आपने आपकी पहचान के सत्यापन के लिए हमें अपने ड्राइवर लाइसेंस या पासपोर्ट के विवरण दिए हैं, तो यह जानकारी यहां दिखाई जाएगी। यह जानकारी ग्राहकों को नहीं दिखाई जाएगी।

### रिटेल एनर्जी डाटा

इस अनुभाग में कोई डिफॉल्ट जानकारी मौजूद होती है जो हम बिजली या गैस के खाते के बारे में रखते हैं। यह जानकारी केवल बिजली और गैस कंपनियों को प्रदान की जाएगी जो सेंट्रिक्स के RED (आर.ई.डी) क्लोज्ड यूजर डाटाबेस में शामिल हैं।

### खाता जानकारी

इसमें हमारे पास मौजूद कोई क्रेडिट खाता जानकारी दिखाई जाती है। यह जानकारी आमतौर से सम्पूर्ण क्रेडिट जानकारी या पॉजिटिव क्रेडिट जानकारी कहलाती है। इसमें आपके किसी क्रेडिट खाते के बारे में जानकारी शामिल है, जिसमें विस्तारित क्रेडिट राशि, खाता खुला है या बंद है, और बकाया आवधिक भुगतानों (पुनर्भुगतान इतिहास जानकारी) की जानकारी शामिल हैं। खाते की जानकारी केवल रजिस्टर्ड क्रेडिट प्रदाताओं (जैसे कि बैंक या वित्तीय कंपनी), गैस/बिजली कंपनियां, रजिस्टर्ड बीमाकर्ता या टेलीफोन कंपनियां आदि को ही प्रदान की जाती है।

नीचे दी गई तालिका में, रिपोर्ट में प्रदान किए गए डाटा का विवरण दिया गया है।

| कोड | श्रेणी | विवरण |
|---|---|---|
| N | वर्तमान | कोई भुगतान आवश्यक नहीं |
| U | अन्य | रिपोर्ट नहीं की गई/अनुपलब्ध उदाहरण - किसी महीने में क्रेडिट प्रदाता द्वारा अपडेट न प्रदान किए जाने के कारण ब्यूरो पर भुगतान स्थिति उपलब्ध नहीं है। |
| 0 (शून्य) | वर्तमान | भुगतान की तारीख के अनुसार भुगतान अप-टू-डेट है। सीमित सहमति के साथ ओवरड्राफ्ट |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | 1-29 दिन पुराना देय | भुगतान की तारीख के अनुसार भुगतान 1-29 दिन बकाया है 14 कैंलेंडर दिनों तक की रियायत-अवधि व्यक्तिगत क्रेडिट प्रदाता द्वारा दी जा सकती है। |
| 2 | देय तिथि से 30-59 दिन बकाया | भुगतान की तारीख के अनुसार भुगतान 30-59 दिन बकाया है |
| 3 | देय तिथि से 60-89 दिन बकाया | भुगतान की तारीख के अनुसार भुगतान 60-89 दिन बकाया है |
| 4 | देय तिथि से 90-119 दिन बकाया | भुगतान की तारीख के अनुसार भुगतान 90-119 दिन बकाया है |
| 5 | देय तिथि से 120-149 दिन बकाया | भुगतान की तारीख के अनुसार भुगतान 120-149 दिन बकाया है |
| 6 | देय तिथि से 150-179 दिन बकाया | भुगतान की तारीख के अनुसार भुगतान 150-179 दिन बकाया है |
| X | देय तारीख से 180+ से अधिक दिन बकाया | भुगतान की तारीख के अनुसार भुगतान 180 दिन से अधिक तक बकाया है |
| H | कठिनाई | कठिनाई में ग्राहक |
| R | पुनः शुरू (Re-aged) | क्रेडिट प्रदाता द्वारा खाता पुनः शुरू (Re-aged) किया गया है। |

## फाइल गतिविधि

इस अनुभाग में, गतिविधि का विवरण शामिल है जो आपकी क्रेडिट फाइल तक की गई पहुँच का रिकार्ड होता है। उदाहरण के लिए, जब आप द्वारा क्रेडिट के लिए आवेदन किए जाने के समय कोई क्रेडिट प्रदाता क्रेडिट की जाँच करता है या जब क्रेडिट प्रदाता द्वारा आपके क्रेडिट खाते की समीक्षा की जाती है।

कर्ज वसूली करने वालों सहित कुछ ग्राहक आपकी क्रेडिट फाइल पर 'निगरानी' स्थापित कर सकते हैं ताकि कोई नई जानकारी जैसे कि नया पता रिकार्ड किए जाने के समय उनको चेतावनी मिल सके। ऐसी जानकारी दी जाने पर आपकी क्रेडिट फाइल में मॉनीटर हिट रिकार्ड किया जाएगा।

क्रेडिट योग्यता के मूल्यांकन हेतु उपयुक्त फाइलों तक ही ग्राहकों को पहुँच प्रदान की जाती है।

नीचे तालिका में पहुँच के प्रकारों, आपकी क्रेडिट फाइल में इसके शामिल होने की अवधि का, तथा यह विवरण दिया गया है कि आपके क्रेडिट स्कोर पर इसका असर होगा या नहीं।

| पहुँच का कारण | उद्देश्य | ग्राहकों के लिए प्रदर्शित किया गया? | प्रदर्शन अवधि | स्कोर प्रभावित करता है? |
|---|---|---|---|---|
| क्रेडिट आवेदन | ग्राहकों द्वारा, क्रेडिट के लिए नए आवेदनों हेतु प्रयुक्त | हां | 4 वर्ष | हां |
| क्रेडिट समीक्षा/ मासिक क्रेडिट समीक्षा | ग्राहकों द्वारा मौजूदा क्रेडिट खातों की समीक्षा हेतु प्रयुक्त | हां | 4 वर्ष | नहीं |
| कर्ज वसूली | कर्ज वसूल करने वालों द्वारा कर्जों की वसूली के लिए प्रयुक्त, जहाँ वे ऋणदाता की ओर से कार्य करते हैं और आपकी हस्ताक्षरित सहमति की आवश्यकता नहीं है। | हां | 4 वर्ष | नहीं |
| वित्तीय कोटेशन पूछताछ | संभावित क्रेडिट आवेदनों के लिए, क्रेडिट की लागत उद्धृत करने के लिए ग्राहकों द्वारा प्रयुक्त। | हां | 4 वर्ष | नहीं |
| आईडी सत्यापन/ब्यूरो हेडर आईडी सत्यापन | 'अपने ग्राहक को जानिए/ AML' उद्देश्यों के लिए व्यक्ति की पहचान के विवरण सत्यापित करने के लिए ग्राहकों द्वारा प्रयुक्त। | नहीं | 5 वर्ष | नहीं |
| बही-खाता प्रबंधन (लेजर मैनेजमेन्ट) | कर्ज वसूल करने वालों के द्वारा कर्जों की वसूली (रिकवरी) के लिए प्रयुक्त, जहाँ उन्होंने मूल कर्ज को क्रय किया हो और आपकी हस्ताक्षरित सहमति की आवश्यकता नहीं है। | हां | 4 वर्ष | नहीं |
| मॉनीटर अलर्ट | नई फाइल गतिविधि जैसे कि नया पता या नया प्रतिकूल डाटा जैसे कि डिफॉल्ट के लिए ग्राहकों हेतु सूचना | नहीं | 5 वर्ष | नहीं |
| सार्वजनिक रजिस्टर जाँच | सार्वजनिक रजिस्टर जैसे कि दिवालिया रजिस्टर में जाँच के लिए ग्राहकों द्वारा प्रयुक्त | नहीं | 5 वर्ष | नहीं |

### क्रेडिट डिफॉल्ट

इस अनुभाग में आपके किसी वर्तमान या पुराने डिफॉल्ट के बारे में, और किए गए किसी पुनर्भुगतान के बारे में हमारे पास मौजूद जानकारी दिखाई जाएगी।

### न्यायिक निर्णय

इसमें आपके विरूद्ध धन संबंधी किसी न्यायिक निर्णय के बारे में हमारे पास मौजूद जानकारी दिखाई जाएगी।

### दिवालिया/कर्ज पुनर्भुगतान आदेश

यह दिवालियापन, कोई संपत्ति न होने की प्रक्रिया, और आपसे संबंधित कर्ज पुनर्भुगतान आदेशों के बारे में कोई जानकारी होती है।

### कंपनी से सम्बद्धताएं

यह न्यूज़ीलैंड कंपनियों के कार्यालय से निदेशक और शेयरधारक संबंधी जानकारी होती है।

## C. यह जानकारी मेरी क्रेडिट फाइल में कब तक रहेगी?

संहिता में यह तय किया गया है कि कोई निश्चित जानकारी कब तक आपकी क्रेडिट फाइल में बनी रह सकती है और हमारे ग्राहकों को प्रदान की जाती है। इसे नीचे तालिका में विस्तार से दिया गया है। कृपया नोट करें कि हमारे ग्राहकों को जानकारी से सूचित करने की अनुमति समाप्त होने की तारीख के बाद हम 1 वर्ष की अवधि तक आपकी जानकारी रखे रह सकते हैं। इसका अर्थ है कि हम आपके बारे में जानकारी रखे रह सकते हैं, लेकिन हमारे ग्राहकों को उस जानकारी की रिपोर्ट नहीं करते।

| **क्रेडिट जानकारी के प्रकार** | **सेंट्रिक्स, जानकारी की रिपोर्ट कब तक कर सकता है।** |
|---|---|
| क्रेडिट आवेदन की जानकारी | आवेदन की तारीख से 5 वर्ष तक |
| डिफॉल्ट जानकारी (कर्जदार के लिए) | डिफॉल्ट की तारीख से 5 वर्ष तक |

| | |
|---|---|
| डिफॉल्ट जानकारी (गारंटी देने वाले के लिए) | गारंटी देने वाले को डिफॉल्ट की सूचना देने की तारीख से 5 वर्ष तक |
| न्यायिक निर्णय की जानकारी | निर्णय की तारीख से 5 वर्ष तक |
| एक बार दिवालिया | दिवालिया मुक्त होने की तारीख से 4 वर्ष तक |
| संपत्ति न होने की प्रक्रिया की एक प्रविष्टि | संपत्ति न होने की प्रक्रिया से मुक्ति की तारीख से 4 वर्ष तक |
| कई दिवाला घटनाएं, जिनमें:<br>1. जहां व्यक्ति 2 या अधिक अवसरों पर दिवालिया है/हुआ हो।<br>2. जहां व्यक्ति दिवालिया भी हुआ हो और कोई संपत्ति नहीं की प्रक्रिया से भी निस्तारित हुआ हो। | असीमित (अनिश्चित) |
| कर्ज पुनर्भुगतान आदेश | आदेश की तारीख से 5 वर्ष तक |
| पिछला पूछताछ रिकार्ड- क्रेडिट योग्यता के लिए उपयुक्त गतिविधि विवरण का भाग | पूछताछ की तारीख से 4 वर्ष तक |
| खाते की जानकारी (पुनर्भुगतान इतिहास जानकारी के अलावा) | क्रेडिट खाता बंद होने की तारीख से 2 वर्ष तक |
| पुनर्भुगतान इतिहास जानकारी | आवधिक भुगतान की निर्धारित तारीख के बाद वाले महीने से 2 वर्ष तक |
| क्रेडिट स्कोर | बनाने की तारीख से 2 कार्य दिवस तक |

## D. यदि मेरे विचार में, मेरी सेंट्रिक्स क्रेडिट फाइल में गलत जानकारी है तो मुझे क्या करना चाहिए?

आपकी क्रेडिट फाइल में निहित जानकारी, हमें तीसरे पक्षों द्वारा प्रदान की जाती है। यदि आपके विचार में कोई जानकारी गलत है, तो आप हमसे संपर्क करके इसे ठीक कराने का अनुरोध कर सकते हैं। हम आपके अनुरोध पर यथासंभव जल्दी से जल्दी निर्णय लेंगे। सही कराने के अनुरोध पर विचार करने के लिए प्रायः हमें जानकारी देने वाले संगठनों से संपर्क करना होता है (उदाहरण के लिए, यदि डिफॉल्ट के बारे में संशोधन होना है, तो हमें कर्ज वसूल करने वाले, या क्रेडिट प्रदाता से संपर्क करना होगा)।

यदि हमें आपके अनुरोध की जाँच करने के लिए और अधिक समय की आवश्यकता नहीं है तो हम आपको हमारे निर्णय के बारे में 20 कार्यदिवसों के अंदर सूचित करेंगे और ऐसा न होने पर हम आपको बताएंगे कि निर्णय में कितना समय लगेगा।

यदि हम जानकारी को आपके अनुरोध के अनुसार सही नहीं करते, तो जो सुधार आप द्वारा वांछित है, और जिसे पूरा नहीं किया गया है, उसे जानकारी के साथ संलग्न करने का आप एक अनुरोध कर सकते हैं। आप हमसे संपर्क करके ऐसा कर सकते हैं।

## E. मेरे अधिकार कौन से हैं?

संहिता के तहत आपके अधिकारों का सारांश हमारी वेबसाइट पर पाया जा सकता है या आप हमसे संपर्क कर सकते हैं और हम आपको एक प्रति ईमेल करेंगे या डाक से भेजेंगे।

यदि आपके विचार में हमने क्रेडिट रिपोर्टिंग गोपनीयता संहिता 2020 का उल्लंघन किया है, और आप इसकी शिकायत करना चाहते हैं, तो आपको हमसे संपर्क करना चाहिए और हम हमारी शिकायत प्रक्रिया के अनुसार आपकी शिकायत की जाँच करेंगे। हमारी शिकायत प्रक्रिया के विवरण हमारी वेबसाइट पर पाए जा सकते हैं या आप हमसे संपर्क कर सकते हैं और हम आपको एक प्रति ईमेल करेंगे या डाक से भेजेंगे। आप हमसे संपर्क करके शिकायत कर सकते हैं।

यदि आप अपनी शिकायत पर कार्यवाही से संतुष्ट नहीं हैं, तो आप गोपनीयता आयुक्त को शिकायत कर सकते हैं। ऐसा करने के बारे में अधिक जानकारी, आयुक्त की वेबसाइट: www.privacy.org.nz पर देखी जा सकती है।

## F. यदि मै जालसाजी का शिकार हूँ तो क्या करूँ?

यदि आपको लगता है कि आप जालसाजी (पहचान की जालसाजी सहित) के शिकार हुए हैं या होने की संभावना है, तो आप अपनी क्रेडिट रिपोर्ट 'फ्रीज' कराने का अनुरोध कर सकते हैं। इसका अर्थ है कि 'फ्रीज' के दौरान, सेंट्रिक्स आपकी क्रेडिट फाइल में मौजूद क्रेडिट जानकारी दबा देगा और कुछ विशेष परिस्थितियों को छोड़कर आपकी क्रेडिट रिपोर्ट क्रेडिट प्रदाताओं को उपलब्ध नहीं कराएगा या आपकी क्रेडिट फाइल में जानकारी अद्यतन (अपडेट) करने या जोड़ने की कार्यवाही नहीं करेगा। ऐसा करने के बारे में अधिक जानकारी हमारी वेबसाइट पर पाई जा सकती है।

**हमारे संपर्क विवरण**

ईमेल: mycreditreport@centrix.co.nz
फोन: 0800 236 874
पोस्ट: Centrix Group Limited, PO Box 62512, Greenlane, Auckland 1546
website: www.centrix.co.nz